



उवाच

> बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शराबबंदी कानून के कारण राज्य के साढ़े तीन लाख लोगों को जेल जाना पड़ा है और आज उनका गठबंधन ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाया है जो अवैध शराब कारोबार का आरोपी है।
>
> -संजय जायसवाल, भाजपा नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	28°	2°
मुंबई	26°	25°
कोलकाता	28°	22°
चेन्नई	26°	25°

समाज को जाति, वर्ग व संप्रदाय में बांटना ही भाजपा का काम : जदयू

पटना,2 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार के लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि भाजपा कहीं पर निगाहें रखती है और कहीं पर निशाना लगाती है। भाजपा के लोगों का काम समाज को जाति, वर्ग और संप्रदाय में बांटने का है वो लोग इस उप चुनाव में भी उन्माद फैलाने में लगे हुए हैं। सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने एवं जनसमस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के प्रदेश कार्यालय में होने वाले कार्यकर्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार एवं लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उक्त अवसर पर महासचिव लोक प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे। कार्यकत्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आज ग्रामीण विकास, प्रशासनिक एवं सामान्य ढंग के 20-25 मामले मेरे सामने आए, इनमें कई मामलों में अधिकारियों को फोन से निर्देश दिए गए हैं। धैर्य नहीं रख पाने के कारण कुछ मामलों में लोग जांच पूरी होने के पूर्व भी या जाते हैं। हमलोगों का प्रयास है कि नियम सम्मत कार्यों का निष्पादन जल्द से जल्द हो जाए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जदयू और राजद दोनों अपनी नीति व सिद्धांतों पर काम करने वाली पार्टियां हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सुशील मोदी एक बड़े नेता हैं पर वो भविष्यवक्ता कत्तई नहीं हैं। वो फिलहाल अपनी पार्टी में उपेक्षित हैं इसलिए राजनीति को डायवर्ट करने में लगे हुए हैं। वो जिन जानकारियों की चर्चा करते रहते हैं उससे उन्हें या उनकी पार्टी को कोई फायदा होने वाला नहीं है। हमलोग जल्द ही जदयू और नीतीश कुमार के ताकत का अहसास कराते हुए उनकी पार्टी को धरातल पर लाकर छोड़ेंगे।

- बिहार के लघु जल संसाधन मंत्री ने भाजपा को घेरा
- उप चुनाव में उन्माद फैलाने में लगी हुई है भाजपा

बौखलाहट, हताशा व निराशा में अनर्गल प्रलाप कर रहे भाजपा नेता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा जदयू ने जबसे भाजपा को निकाला है तब से उसके नेता का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है, उनके प्रदेश अध्यक्ष का तो सत्य से कोई वास्ता ही नहीं है। उसके नेता बौखलाहट, हताशा व निराशा में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

चिराग पासवान के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर कहा कि जब तक रामबिलास पासवान थे तब तक चिराग पासवान चिराग थे अब सिर्फ उनका नाम ही चिराग है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने गोपालगंज के महागठबंधन प्रत्याशी के विरुद्ध दर्ज मामले संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि कोर्ट में रिट दायर हुआ है, उस पर कोर्ट को ही फैसला लेना है। उप चुनाव में महागठबंधन के दोनों प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेंगे।

सरकारी समारोह के रूप में मनाई जाएगी राजाराज चोल की जयंती : स्टालिन

चेन्नई, 2 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को महान तमिल राजा राज चोल की जयंती को सरकारी समारोह के रूप में मनाई जाने की घोषणा की हैं। कल तीन नवम्बर को तमिल राजा की जयंती है। बुधवार को यहां जारी एक बयान में स्टालिन ने कहा, तंजावुर जिले में हर वर्ष कई संगठनों द्वारा राजा राज चोल की जयंती को 'साध्य विझा' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा, इस समारोह को सरकारी समारोह के रूप में मनाने की विभिन्न संगठनों की मांगों के बाद इस वर्ष से जयंती को सरकारी समारोह के रूप में मनाये जाने का फैसला किया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राजा राज चोल के स्मारक का जीर्णोद्धार और अलंकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजा राज चोल का उनके जन्मदिन पर राज्याभिषेक किया गया था और उस दिन ज्योतिषीय तारा 'साध्यम' था, जिसके कारण उनकी जयंती और राज्याभिषेक का दिन एक साथ 'साध्य विझा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी इस अवसर पर तंजावुर में ब्रहदेश्वर मंदिर 'बिंग टेंपल' को शानदार ढंग से सजाया गया और रोशन किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को मारने वाला आतंकी ढेर

श्रीनगर,2 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इनमें लश्कर का कमांडर मुख्तार भट भी शामिल है, जो घाटी में कश्मीरी पंड़ितों और प्रवासियों पर अटैक कर रहा था। उसके साथ पुलवामा का सकलैन मुश्ताक और पाकिस्तानी आतंकी मुश्फिक भी मारा गया है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये आतंकी सुरक्षाबलों के शिविर में फिदायीन हमले की फिराक में थे। कमांडर बनने से पहले भट कई साल तक टीआरएफ का ओवरग्राउंड वर्कर रहा। वह युवाओं का ब्रेनवॉश करके उन्हें कट्टर बना रहा था।

भट ने देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक कई गतिविधियों को अंजाम दिया था। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। टीम की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में 3 आतंकी मारे गए हैं। इससे पहले मंगलवार सुबह अनंतनाग में एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक बिजबिहाड़ा के सेमथान इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी ने फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस तरह से 1 नवंबर को जम्मू-कश्मीर में हुए दो एनकाउंटर में 4 आतंकी मारे गए हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर पुलिस ने गत मंगलवार को ही हरनामबल में तीन हाईब्रिड आतंकियों को गिरफ्तार किया थ। सुरक्षाबलों ने उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

- सुरक्षाबलों ने अवंतीपोरा में किया एनकाउंटर
- दो साथी भी मारे गए

लश्कर-ए-तैयबा के द रजिस्टेंट फ्रंट से जुड़ा था भट

जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, मुख्तार अहमद भट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रजिस्टेंस फ्रंट का कमांडर था। 18 अप्रैल को वह अपनी बुआ के घर जाने के नाम पर घर से निकला था। तब से वह लापता था। बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस की जांच में सामने आया कि वह टीआरएफ संगठन से जुड़ गया था और पुलवामा में सक्रिय था।

सार संक्षेप

सैनिकों के साहस की याद में मनाया गया जोजिला दिवस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में द्रास के पास जोजिला युद्ध स्मारक पर मंगलवार को जोजिला दिवस मनाया गया। इसका आयोजन लद्दाख के प्रवेश द्वार जोजिला दर्रे की बर्फीली ऊंचाइयों पर वर्ष 1948 में भारतीय सैनिकों के साहस और कार्रवाई का जश्न मनाने के लिए किया गया। रक्षा मंत्रालय के श्रीनगर स्थित प्रवक्ता ने कहा कि लेह की फायर एंड फ्यूरी कोर के द्रास वॉरियर्स के कमांडर ने जोजिला दर्रे को पाकिस्तान घुसपैठियों से मुक्त कराने में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। जोजिला दिवस भारतीय सेना की बहादुरी की अदम्य प्रतीक है। इस लड़ाई को ऐतिसाहिक माना जाता है क्योंकि इतनी ऊंचाई पर पहली बार टैंकों का इस्तेमाल हुआ था। इस मौके पर द्रास ब्रिगेड के कमांडर ने जवानों से बातचीत भी की।

मुंबई में सामुदायिक भवन में लगी आग में तीन झुलसे

मुंबई। मुंबई के पश्चिमी दादर में बुधवार को छबीलदास स्कूल अक्षिकर तम्हाणे सामुदायिक भवन की दूसरी मंजिल पर एलपीजी गैस सिलेंडर फटने से लगी आग में तीन लोग झुलस गए। लोगों ने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन इसमें तीन लोग घायल हो गए। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

महाराष्ट्र, कर्नाटक के बीच होगी अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक

कोल्हापुर। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच विभिन्न लंबित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को शिवाजी विश्वविद्यालय में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक होगी। जानकारी देते हुए बताया गया है कि बैठक में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी उपस्थित होंगे।

बोगतुई हत्याकांड में एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

रामपुरहाट, 2 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बोगतुई हत्याकांड के एक और आरोपी फैसुल खान उर्फ पलाश को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बोगतुई नरसंहार में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस (तृकां) नेता भादु शेख की हत्या के बाद करीब 10 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। उल्लेखनीय है कि चाय की दुकान के पास तृणमूल कांग्रेस के नेता और स्थानीय पंचायत के सदस्य भादु शेख पर बमबारी के कुछ घंटे बाद 21 मार्च की रात को आक्रोशित लोगों के एक समूह ने बोगतुई गांव में कुछ घरों पर तेल छिड़काव कर आग लगा दी थी। जिसमें 10 लोगों, आठ महिलाओं और एक नाबालिग को जिंदा जला दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया फैसुल खान उर्फ पलाश बम फेंकने के मास्टरमाइंड में से एक था जिसने तृणमूल कांग्रेस बोरसाल पंचायत सदस्य भाधू शेख की हत्या की थी। सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों अपराध स्थल पर फैसुल खान को बम-फेंकते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फैसुल खान को न्यायिक प्रक्रिया के लिए बुधवार को रामपुरहाट अदालत में पेश किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई ने जून में पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था जिसमें संघीय एजेंसी ने उल्लेख किया था कि प्रभावित ग्रामीणों के फोन के बावजूद स्थानीय थाने से पीड़ितों को बचाने के लिए कोई नहीं आया।

झारखंड विस का विशेष सत्र 11 नवम्बर को

रांची, 2 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड राज्य की जनता की समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री सचिवालय ने मुख्यमंत्री के आगामी कार्यक्रमों की सूची जारी की है। उसके अनुसार मुख्यमंत्री 2 नवंबर को साहेबगंज में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। तीन नवम्बर को रायपुर में आयोजित आदिवासी नृत्य महोत्सव में उपस्थित होकर आदिवासी परंपराओं को प्रोत्साहित करेंगे। चार नवम्बर से सात नवम्बर तक क्रमश: पलामू, रामगढ़ और जमशेदपुर में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ नवम्बर को बोकारो के लुगुबुरू घंटाबाड़ी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना महासम्मेलन में शामिल होंगे। 9 नवम्बर को पाकुड़ में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान दुमका की मसलिया सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। दस नवम्बर को कैबिनेट की बैठक होगी।

स्थानीयता विधेयक पारित कराएगी सरकार

बिहार उपचुनाव को लेकर लोजपा रामविलास का दावा

गोपालगंज-मोकामा सीटों पर मिलेगी जीत

पटना,2 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार में दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर लोजपा (रामविलास) की ओर से दावा किया गया है कि दोनों सीट पर भाजपा के उम्मीदवार बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने दावा किया है कि दोनों सीट पर मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासोन्मुख देश व लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विकसित बिहार की सोच पर भरोसा कर भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद-जदयू के 32 साल के शासन से उब चुकी है और वह बदलाव चाहती है। साथ ही राजद की ओर से जहां शराब माफिया को उम्मीदवार बनाया गया ही वहीं मोकामा के राजद प्रत्याशी के पति अनंत सिंह सिंह की अनंत कथा से पूरे बिहार के लोग वाकिफ है। इसलिए दोनों क्षेत्रों में जनता बदलाव के मूड में हैं और बिहार के विकास व भय भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए भाजपा का साथ देगी। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के रोड शो व आमसभा करने से माहौल बदला है और दोनों भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में गोलबंदी भी दिख रही है। बिहार में दोनों सीटों पर हो रहे उपचुनाव में मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है इस बार दोनों सीटों पर भाजपा की भारी मतों से जीत सुनिश्चित है।

नीतीश पर लगाया बिहारवासियों के साथ छल करने का आरोप

प्रदेश में भय का माहौल है व्याप्त : राजेश भट्ट

बिहार की जनता राजनीतिक तौर पर बेहद जागरूक हैं जो प्रदेश के विकास और भयमुक्त प्रदेश की स्थापना में विश्वास करते हैं जबकि नीतीश कुमार का विश्वास आज जंगलराज की पुनरवापसी में हो गई है जब से महागठबंधन सरकार में आई है तब से प्रदेश में आए दिन अपराध की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है पूरे प्रदेश में भय का माहौल व्याप्त है लेकिन मुख्यमंत्री को कोई फर्क नहीं पड़ता है शराबबंदी के बावजूद अवैध और जहरीली शराब की बिक्री और होम डिलीवरी धड़ल्ले से जारी है और प्रशासन और सत्ता में बैठे लोग संरक्षक की भूमिका निभा रहे हैं आए दिन प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ गई हैं लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

झारखंड में सौ करोड़ से अधिक का मनरेगा घोटाला

रांची, 2 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में मनरेगा में 100 करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है। इसे लेकर ईडी ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। ईडी ने घोटाले में संलिप्त लोगों की भूमिका के बारे में भी जानकारी मांगी है, ताकि उनके खिलाफ प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की जा सके। माना जा रहा है कि इस मामले में राज्य के कई आईएएस और राजनीतिक हस्तियां भी ईडी जांच के रडार पर आ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक विनोद कुमार ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग को लिखे पत्र में 100 करोड़ से अधिक के स्कैम के मामले में अब तक की गई एफआईआर, चार्जशीट, कार्रवाई इत्यादि पर रिपोर्ट देने को कहा है। ईडी ने यह भी कहा है कि इस स्कैम में उनके बारे में पूरी जानकारी दी जाए, जिनकी बड़ी भूमिका है।गौरतलब है कि झारखंड की सीनियर आईएएस पूजा सिंघल को विगत मई महीने में मनरेगा से जुड़े घोटाले के जरिए मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह अब तक जेल में हैं। अब ईडी ने जिस मनरेगा घोटाले पर रिपोर्ट मांगी है, पूजा सिंघल के मामले से इतर है। मनरेगा की योजनाओं में सामग्री खरीद के नाम पर राज्य के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई है। ईंट, स्टोन, पशु शेड इत्यादि के नाम पर फर्जी खरीदारी की गई है। एक साल पूर्व राज्य की तत्कालीन ग्रामीण विकास सचिव आराधना पटनायक ने मनरेगा की योजनाओं के तहत 200 करोड़ की संदिग्ध निकासी का मामला पकड़ा था।

ईडी ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

केरल सरकार ने लिया यू टर्न

पीएसयू कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का फैसला रद्द

तिरुवनंतपुरम,2 नवम्बर (एजेंसियां)। माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बुधवार को अपने फैसले पर यू-टर्न ले लिया। सरकार ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 60 करने के अपने आदेश को रद्द करने का फैसला किया है। सीएमओ ने अपने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस आदेश पर फैसला लिया गया। विजयन सरकार ने अधिकांश राज्य सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु समान रूप से बढ़ाकर 60 कर दी थी, जिसकी भाजपा, कांग्रेस समेत वामपंथी युवा संगठनों ने कड़ी आलोचना की थी। यह आदेश गत शनिवार को एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर जारी किया गया, जिसने केरल राज्य विद्युत बोर्ड, केरल राज्य सड़क परिवहन निगम और केरल को छोड़कर राज्य में सार्वजनिक उपक्रमों के वेतन व वेतन ढांचे के लिए सामान्य ढांचे के निर्माण पर एक व्यापक अध्ययन किया।

विपक्षी के कड़े विरोध के बाद लिया निर्णय

सरकार का यह फैसला विपक्षी कांग्रेस और भाजपा के कड़े विरोध के बाद आया है। भाजपा और कांग्रेस ने समान रूप से विजयन सरकार पर आरोप लगाया था कि एलडीएफ सरकार का सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का फैसला राज्य के युवाओं के साथ विश्वासघात है, जो सरकारी कंपनियों में करियर का सपना देख रहे हैं।

धामनगर विस उपचुनाव के लिए मतदान आज

भुवनेश्वर। ओडिशा में धामनगर विधानसभा (सु) उपचुनाव के लिए तीन नवम्बर गुरुवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक शुरू होगा। प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी एस के लोहानी ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि 1,23,38 पुरुष, 1,15,346 महिलाएं और 33 ट्रांस जेंडर सहित लगभग 2,38,417 मतदाता हैं, जो कल अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव करने के लिए 252 बूथों में फैले अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

धान की फसल में भूरा तना मधुआ कीट की रोकथाम के लिए सरकार तत्पर : सर्वजीत

पटना, 2 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार के मंत्री कृषि विभाग सर्वजीत कुमार ने कहा कि खरीफ धान की फसल में भूरा तना मधुआ कीट (बीपीएच) का आक्रमण गया, नवादा, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, नालंदा, लखीसराय तथा कुछ अन्य जिलों में देखा जा रहा है। कृषि विभाग के पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के प्रसार कार्यकर्त्ताओं तथा पदाधिकारियों के देखरेख में पौधा संरक्षण संभाग द्वारा भूरा तना मधुआ कीट की रोकथाम के लिए अनुशंसित कीटनाशी का प्रयोग कर किसानों के खड़ी धान की फसल को नुकसान से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि यह कीट धान की तनों से रस चूसकर फसल को भारी क्षति पहुंचाते हैं। यह कीट हल्के-भूरे रंग के होते हैं। इनका जीवन चक्र 20-25 दिनों तक का होता है। इसके वयस्क एवं शिशु दोनों पौधों के तने के आधार भाग पर रहकर रस चूसते हैं। अधिक रस निकलने की वजह से धान के पौधे पीले पड़ जाते हैं तथा जगह-जगह पर चटाईनुमा क्षेत्र बन जाता है, जिसे हॉपर बर्न कहते हैं। इस कीट की आक्रमणता का प्रमुख कारण मौसम के उतार-चढ़ाव विशेषकर देर से हुई वर्षा के कारण भूमि में नमी तथा किसानों द्वारा यूरिया का अनुसंशित मात्रा से अधिक उपयोग एवं पोटाश का कम उपयोग मुख्य है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल,
228 ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता - 700 020
सीआईएन: एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

सं. क्र.	कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	मोहम्मद इरशाद/मोहम्मद शम्स तबरेज/25 तापस दत्ता प्रथम तल 18 सीएसईबी ऑफिस चाम्पा चाम्पा छत्तीसगढ़ चाम्पा -495671/ एलबीएमजैडएफ 00005186221	तफसील अराजी मवाजी 0-0-15 (15 धुर) अराजी काश्तकारी कायमी वाबाके, रकबा मौजा-हाट सरैया पीएस तथा अंथला बेरिया, जिला, पंजीकृत बेतिया जिला वेस्ट चम्पारन पीएस नंबर 140, तौजी नंबर 951, महल अहीरवाला मल्लिक बिहार सरकार टैक्स एमओ.आर.एस.-1/बंदोबस्त नंबर 4169, खाता नंबर 54, खसरा नंबर 372 (परिमाप क्षेत्रफल 2.34 डेसीमल)	26-09-2022 रू. 21,64,829/-	06.04.2022
2.	गगनप्रीत कौर/गुरविंदर सिंह/सीआईजी 1/1021 डाछा भवन कुरूड आई ई भिलाई दुर्ग, छत्तीसगढ़, भिलाई-490026/ एलबीबीएलआई00005044883	सम्पत्ति प्लॉट नंबर एलआईजी आई/1884 एवं एलआईजी आई/1903, खसरा नंबर 583, मौजा ग्राम कुरूड, छत्तीसगढ़, वार्ड नंबर 16, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ (परिमाप क्षेत्रफल प्लॉट नंबर एलआईजी आई/1884- 48.60 वर्ग मीटर एवं एलआईजी आई/1903- 48.60 वर्ग मीटर)	28-09-2022 रू. 21,85,906/-	06.05.2022

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि: 03 नवम्बर, 2022
स्थान: छत्तीसगढ़ (चाम्पा एवं भिलाई)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जाम	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
1	संदीप रामटेक (कर्जदार), ऋण खाता सं. एलएचआरपीआर00001349125 एलएचआरपीआर00001349126	मौजा ग्राम डूंडा, पीएच नंबर 118/51, खसरा नंबर 317/1, 318/1, 317/3, 317/1 फ्लैट नंबर 420, ब्लॉक डी, दामोदर पार्क अवीवा ग्रीन सिटी, डूंडा, रायपुर -492001	रू. 20,96,776/- 01-11-2022	रू. 12,34,800/- रू. 1,23,480/-	15-11-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	18-11-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2	कृष्णा शिवपूजन शर्मा (कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलएचआरपीआर00001298201	ग्राम गुमा प्लॉट नंबर 407, हर्षित हार्मोनी जिला रायपुर पिन कोड 492001	रू. 5,91,123/- 01-11-2022	रू. 3,84,000/- रू. 38,400/-	15-11-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	18-11-2022 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 17 नवम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 17 नवम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। कृपया नोट करें कि यदि संभावित बिडर (बिडर्स) अपनी ऑफर उपरिवर्णित समयानुसार जमा नहीं कर सकते हैं तो निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 17 नवम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा कर सकते हैं। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में रायपुर में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर सम्पर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

तिथि : 3 नवम्बर, 2022
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड